# SSLC Top Test Series

KP (G) | Hindi | Time : 45 Mnts
Std. 10 | (Chap. 9 to 16) | Score : 20

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

## Type - A

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा - हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल देते हैं? यहाँ तो जितने हैं, एक-से-एक छंटे हैं। चोरी ये करें, जाल-फरेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें।

1 'हम' के बदले 'मैं' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

हम नीच हैं।

2 गंगी का दिल विद्रोही कैसे बना? 2

3 संकेतों की मदद से गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। 4

*पति से प्यार रखनेवाली - रिवाज़ी पाबंदियों का विरोध करनेवाली - जातीय असमता के विरुद्ध सोचनेवाली -*

सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्राविवरण का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रात को ग्यारह के बाद हम लोग घूमंने निकले। घूमते हुए भोपाल ताल के पास पहुँचे तो मन हो आया कि नाव लेकर कछ देर झील की सैर की जाए।

4 'मन हो आना' का अर्थ है 1

(तिरस्कार करना, इच्छा होना, नाव खेना, छोड़ देना)

5 वाक्य-पिरमिड की पूर्ति करके लिखें। 2

हम निकले।

.......................।

..............................।

रात को हम लोग घूमने निकले।

6 मान लें, झील की सैर के बारे में लेखक अपने मित्र के नाम पत्र लिख रहा है। वह पत्र तैयार करें। 4

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं
सारे खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
सारे मदरसों की इमारतें

(P.T.O.)

7 समान आशवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

बच्चों को पढ़ने के लिए किताबें नहीं मिल रही हैं।

8 कवितांश पर टिप्पणी लिखें। 4

## Type - B

**सूचना** : 'बसंत मेरे गाँव का' नामक लेख का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

फूलदेई की बिदाई के साथ बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है। अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है। इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है। बाकी सारे काम बच्चे करते हैं।

1 'उपेदश' का समानार्थी शब्द है 1

(बिदाई, सामग्री, भूमिका, सलाह)

2 फूलदेई त्योहार के आयोजन में बड़ों की क्या भूमिका है? 1

3 फूलदेई त्योहार से संबंधित पोस्टर तैयार करें। 4

**सूचना** : निम्नलिखित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में?
कितना भयानक होता अगर ऐसा होता
भयानक है लेकिन इससे भी ज़्यादा यह
कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल

4 ये किस कविता की पंक्तियाँ हैं? 1

5 समान आशवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन एकाएक खतम हो गए हैं।

6 कवितांश पर टिप्पणी लिखें। 4

**सूचना** : 'गुठली तो पराई है' कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'बेटा, बुआ की बात का बुरा मत मान। और जो कल होना है उसे लेकर आज क्यूँ परेशान होना। ये दिन फिर लौट के नहीं आनेवाले हैं इन्हें जी भर के जी ले।'

7 'इन्हें' में निहित सर्वनाम है 1

(यह, ये, वह, वे)

8 माँ ने गुठली को साँत्वना देते हुए क्या कहा? 2

9 इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक सीन तैयार करें। 4